जनपद हमीरपुर

**थाना-मझगवां** **दिनांक 10.07.2026**

## थाना मझगवां पुलिस ने महाराष्ट्र से गुमशुदा मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को सकुशल परिजनों से मिलाया।




पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करते हुए थाना मझगवां पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए महाराष्ट्र से गुमशुदा एक युवक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया।

दिनांक 07.07.2026 को डायल 112 पीआरवी के माध्यम से थाना मझगवां पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक क्षेत्र में भटक रहा है, जिसके पास कोई पहचान पत्र अथवा आईडी नहीं है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष मझगवां द्वारा युवक को संरक्षण में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम करन पुत्र लाला पाटुरे, निवासी ग्राम सौलगवन, थाना मौजपुरी, जनपद जालना (महाराष्ट्र) बताया।

थाना मौजपुरी पुलिस से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त युवक की गुमशुदगी के संबंध में उसकी माता श्रीमती गंगूबाई पत्नी स्व. लाला पाटुरे द्वारा दिनांक 01.07.2026 को गुमशुदगी संख्या-25/2026 पंजीकृत कराई गई थी।

स्थानीय पुलिस के सहयोग से युवक के परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। आज दिनांक 10.07.2026 को युवक की माता श्रीमती गंगूबाई पाटुरे एवं भाई कृष्णा पाटुरे थाना मझगवां पहुंचे, जहां आवश्यक सत्यापन एवं विधिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत युवक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपने पुत्र एवं भाई को सुरक्षित पाकर परिजनों ने भावुक होकर हमीरपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया तथा थाना मझगवां पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

**पुलिस टीम-**

उप निरीक्षक- दिनेश प्रसाद (थानाध्यक्ष मझगवां)

कांस्टेबल- आशीष मिश्रा

कांस्टेबल- शिवेन्द्र सिंह